तेजवीर सिंह
TEJVEER SINGH

सत्यमेव जयते

सचिव
भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
रसायन और पेट्रोरसायन विभाग
Secretary
Government of India
Ministry of Chemicals & Fertilizers
Department of Chemicals & Petrochemicals

**संदेश**

हिंदी दिवस 2026 के अवसर पर आप सभी को मेरी शुभकामनाएं।

किसी भी संप्रभुता-संपन्न राष्ट्र में जो महत्व राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रगान और राष्ट्रीय प्रतीक का होता है, वही महत्व उस राष्ट्र की राजभाषा का भी होता है। भारत की संविधान सभा ने देश के सबसे बड़े भू-भाग में बोली, लिखी और समझी जाने वाली भाषा हिंदी को 14 सितंबर, 1949 को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी ऐतिहासिक अवसर की याद में प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर का दिन 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

आज का युग सोशल मीडिया और आधुनिक प्रौद्योगिकी का युग है। वर्तमान दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आधुनिक तकनीकों ने भाषाओं को अधिक क्षमतावान बना दिया है, जिससे तकनीकी ज्ञान और हमारी राजभाषा हिंदी को एक साझा मंच पर लाना संभव हो पाया है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों और सोशल मीडिया पर हिंदी का प्रयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। भारत जैसे बड़े वैश्विक बाज़ार में विदेशी कंपनियां भी अपना स्थान बनाने के लिए हिंदी का सहारा ले रही हैं।

मुझे यह बताते हुए हर्ष की अनुभूति हो रही है कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग में दिनांक 14.09.2026 से 29.09.2026 तक 'हिंदी पखवाड़ा' मनाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। मुझे आशा है कि विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सक्रिय योगदान देंगे।

हिंदी दिवस के इस अवसर पर मैं विभाग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से यह विशेष अपील करता हूँ कि वे अपने कार्यालय के दैनिक कामकाज में अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करें ताकि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके, जो राजभाषा की प्रगति के साथ-साथ हमारे देश को भी उन्नति के शिखर पर ले जाने में सहायक होगा।

आप सभी को पुनः हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़े की शुभकामनाएं।

जय हिंद!

तेजवीर सिंह

(तेजवीर सिंह)

कक्ष संख्या. 23042, कर्तव्य भवन–2, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड, नई दिल्ली–110001
Room No. 23042, Kartavya Bhavan-2, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi- 110001
दूरभाष / Tel.: 011-24015632, 24015633, ई–मेल / E-mail : sec.cpc@nic.in
Department Website : www.chemicals.gov.in